पंचदश

बिहार विधान-सभा

दशम् सत्र

अल्प-सूचित प्रश्न

वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि $\frac{\text{11 श्रावण, 1935 (श0)}}{\text{02 अगस्त, 2013 (ई0)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या-04

(1) स्वास्थ्य विभाग	..	..	03
(2) ऊर्जा विभाग	..	..	01
		कुल योग ..	04

कार्रवाई करना

9. श्री अरूण कुमार सिन्हा—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र में प्रकाशित "अल्ट्रासाउंड सेन्टरों में जाँच के नाम पर खेल" शीर्षक को ध्यान में रखकर क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिले में 350 अल्ट्रासाउंड सेन्टर हैं जिसमें आधे से अधिक अनिबंधित हैं तथा इनमें डॉक्टरों के स्थान पर अनट्रेंड तकनीशियनों द्वारा जाँच कर मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नियमानुसार अल्ट्रासाउंड की टेस्ट रिपोर्ट प्रतिमाह सिविल सर्जन कार्यालय में जमा की जानी चाहिये परन्तु पिछले चार वर्षों से यह कार्य अल्ट्रासाउंड केन्द्रों द्वारा नहीं किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनिबंधित अल्ट्रासाउंड केन्द्रों के खिलाफ कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

संसाधन उपलब्ध कराना

10. श्रीमती पुनम देवी यादव—हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र के 1 जुलाई, 20 3 के अंक में छपी खबर "बिहार मेडिकल शिक्षा को बड़ा झटका" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि एम0सी0आई0 (भारतीय चिकित्सा परिषद्) द्वारा रेजिडेंट डॉक्टर की संख्या जरूरी से 53 फीसदी और शिक्षक की संख्या 35 फीसदी कम होने के कारण वर्ष 2013 के लिये इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान में एम0बी0बी0एस0 दाखिले पर रोक लगा दी गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि माप–दंड के अभाव में बेतिया में नया मेडिकल कॉलेज खोलने का प्रस्ताव एम0सी0आई0 द्वारा ठुकरा दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के संसाधनहीन मेडिकल कॉलेज में संसाधन उपलब्ध कराते हुये इस सत्र में नामांकन के लिये कौन–सा उपाय करने का विचार रखती है ?

कार्रवाई करना

11. डॉ0 अच्युतानन्द—दैनिक समाचार–पत्र के दिनांक 13 अप्रील, 2013 के अंक में छपी खबर "बिजली कम्पनियों में 26वें स्थान पर बिहार" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि देश भर की 39 बिजली कम्पनियों में बिहार के बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी को 26वां स्थान मिला है और उसे "बी" ग्रेड दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य की बिजली कम्पनी को संचरण वितरण नुकसान जो अभी 60 प्रतिशत है को कम करने और कमजोर वित्तीय स्थिति में सुधार करने की सलाह केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय के द्वारा पिछले वर्ष ही दी गयी थी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य की बिजली कम्पनी की वित्तीय स्थिति तथा संचरण वितरण नुकसान को कम करने के लिए कौन–सी कार्रवाई करने का विचार रखती है और कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चिन्हित कर कार्रवाई करना

12. डॉ0 अच्युतानन्द—दैनिक समाचार–पत्र के दिनांक 4 जुलाई, 2013 के अंक में छपी खबर "जूनियर डॉक्टरों से अपनी ड्यूटी करा रहे सीनियर" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में पी0एम0सी0एच0, एन0एम0सी0एच0 सहित सभी छह सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों के ओ0पी0डी0 और इमरजेंसी में सीनियर डॉक्टर अपनी जगह जूनियर डॉक्टरों से मरीजों का इलाज करवाते हैं और नियमित राउण्ड भी नहीं लगाते हैं, जो गैर–कानूनी है, यदि हाँ, तो सरकार द्वारा अबतक कितने डॉक्टरों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कौन–सी कार्रवाई की गयी है, यदि नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 02 अगस्त, 2013 (ई0)।

फूल झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान–सभा।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 52–डी0टी0पी0–450